ई-पत्रिका

मह- फरवरी 2017

# नगर पालिका परिषद,शाहजहॉपुर

Website- www.nppshahjahanpur.in,
E-mail- eonppshahjahanpur@gmail.com




नगर पालिका परिषद,शाहजहॉपुर के अधिशासी अधिकारी द्वारा पालिका के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को स्वच्छता की शपथ ग्रहण करायी गयी ।








नगर पालिका परिषद, शाहजजहॉपुर के अधिशासी अधिकारी द्वारा पालिका के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराने के पश्चात समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण ने अपने–अपने पटल की स्वय् सफाई की। अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा भी स्वय् अपने कक्ष की सफाई की गई।








नगर पालिका परिषद,शाहजहॉपुर क्षेत्र में स्थित नलकूपों में शेष नलकूपों पर आटोमेशन का कार्य करते कारीगर। पालिका क्षेत्र में स्थित 24 ट्यूबवेलों में से 16 ट्यूबवेलों पर आटोमेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है।









माह फरवरी 2017 की गृहकर–जलकर तथा जलमूल्य वसूली की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में वसूली कर्ताओं से वसूली की जानकारी प्राप्त करते हुये। साथ में कर निर्धारण अधिकारी,कर अधीक्षक व कर लिपिक देखे जासकते हैं।

माह फरवरी 2017 की गृहकर–जलकर तथा जलमूल्य की साप्ताहिक वसूली का विवरण उपलब्ध कराते कर संगहकर्ता एवं डिमांड लिपिक।



# जलपूर्ति

अमृत योजना के अन्तर्गत चयनित अमृत शाहर शाहजहाँपुर नगर पालिका क्षेत्र की जलापूर्ति में सुधार करने एवं भवनों में जलसंयोजन उपलब्ध कराने हेतु उ0प्र0जल निगम शाहजहाँपुर द्वारा रू0 1.77 करोड की कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके अन्तर्गत भवनों में जलसंयोजन उपलब्ध कराया जायेगा। इसमें केन्द्रांश रू0 0.88, राज्यांश रू0 0.53 तथा निकायांश रू0 0.35 करोड का प्राविधान किया गया है।

नगर पालिका परिषद,शाहजहाँपुर के समस्त भवनों में जलापूर्ति हेतु जलभण्डारण करने के लिये रू0 17.31 करोड की कार्य योजना तैयार की गई है। जिसमें केन्द्रांश रू0 7.73, राज्यांश रू0 6.40 तथा निकायांश रू0 3.09 करोड का प्राविधान किया गया है।

# पार्क विकास

अमृत योजना के अन्तर्गत चयनित अमृत शहरों में वर्ष 2015–16 हेतु एक शिशु पार्क के विकास के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद,शाहजहॉपुर में स्थित शहीद रमेश चन्द्र पार्क के सौन्दर्यीकरण हेतु रू0 0.34 करोड की कार्य योजना तैयार की गई है जिसमें से केन्द्रांश रू0 0.17 राज्यांश रू0 0.1 तथा निकायांश रू0 0.07 करोड का प्राविधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2016–15 हेतु इस योजना हेतु में गर्रा नदी के किनारे स्थित गॉधी पार्क के सौन्दर्यीकरण की रू0 0.35 करोड की कार्ययोजना तैयार की है जिसमें केन्द्रांश रू0 0.17 राज्यांश रू0 0.1 तथा निकायांश रू0 0.07 करोड का प्राविधान किया गया है।